## संपादकीय

# अधिकांश की प्रस्तुति सेक्सिस्ट

टीवी व प्रिंट मीडिया में इन दिनों आते कुछ विज्ञापनों को छोड़ दें तो अधिकांश की प्रस्तुति 'सेक्सिस्ट' नजर आती है जिनमें औरत अधिकाधिक बेध्य नजर आती है।

इसे समझने के लिए हम कुछ उदाहरण देखें: एक खास ब्रांड की इलायची बेचनी होती है, वहां भी केसर फेंकने के लिए सुंदरी जरूरी होती है जो नाचती-गाती दिखती है। इसी तरह एक टूथपेस्ट बेचने के लिए एक हीरो नाचता हुआ आता है, और फिर कई लडक़ों के साथ एक हीरोइन भी उसके साथ डांस करने लगती है, और वो ब्राडेड  टूथपेस्ट दिखने लगता है।

लेकिन इन दिनों कुछ विज्ञापन बहुत ही आगे निकल गए दिखते हैं जैसे एक ब्रांड 'कंडोम' का विज्ञापन जिसमें लडक़ा लडक़ी के साथ दर्शकों से कहता है कि अपने पार्टनर से बात करके कंडोम तय करो..। यह विज्ञापन उस कंडोम विज्ञापन से बहुत आगे का है जो बरसों पहले एक अंग्रेजी पत्रिका में छपा था जिसमें नग्न हीरो-हीरोइन के 'नग्न' शरीरों पर अजगर लिपटा हुआ दिखता था। तब उसे लेकर मीडिया में बड़ा हल्ला हुआ था। लेकिन अब कंडोम के विज्ञापन किसी को नहीं हिलाते। उनको तक नहीं जो अपने को 'स्त्रीत्ववादी' कहते हैं और स्त्री की देह को किसी 'उपभोग्य वस्तु' की तरह दिखाने पर ऐतराज किया करते थे। कारण यह है कि इन दिनों बाजार की अतियों के खिलाफ कोई बंदा बोलता नहीं दिखता।

आज का बाजार 'सेक्स संचालित' बाजार है। वस्तुओं के साथ हमको 'सेक्सिस्ट' नजरिया भी बेचा जाता है। यह अपने 'फ्री मारकेट' की 'सेक्सिस्ट कल्चर' की जीत है। बहुत कम विज्ञापन होते हैं जिनमें कोई सुंदर स्त्री या हीरोइन नहीं होती। इसका कारण 'मारकेटिंग की रणनीति' है जो मान कर चलती है कि स्त्री अगर 'सेल्स वूमन' हो तो चीज अच्छी बिकती है क्योंकि चीजों को खरीदने वाले अधिकतर मर्द ही होते हैं।

अब हम कुछ नये ब्राडेड 'कच्छा बनियानों' की मारकेटिंग के उदाहरण देखें: एक फिल्मी हीरो की शूटिंग का टाइम हो चुका है। सेट लगा है। वह लेट हो रहा है लेकिन वो येन केन दौड़ता-भागता किसी तरह सेट तक पहुंचता है तो वहां मौजूद लेडी बुदबुदाती है कि वो तो कभी लेट नहीं होता तो वो कहता है कि मैं हमेशा टाइम से पहुंचता हूं। अंत में लेडी कहने लगती है: 'फिट है बॉस'! यह 'फिट है बॉस' यूं तो बनियान के लिए कहा जाता है लेकिन 'फिट' के मानी सिर्फ इतने नहीं दिखते। इसके भी 'डबल मानी' हैं। ऐसा ही एक विज्ञापन कुछ पहले आया करता था जो इस तरह से खुलता था : हीरो को कोई बताता है कि डालर का भाव चढ़ रहा है तो वह दौड़ लगाकर एक खास ब्रांड के बक्से को छीन लेता है। उसकी इस फिटनेस पर लेडी मुग्ध हो जाती है..। ऐसे विज्ञापनों में सामान के साथ मर्द की बॉडी पर मरती औरत भी बेची जाती है। यह  एक प्रकार का 'निर्लज्ज सेक्सिज्म' है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय दल के साथ की बातचीत

**नईदिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय दल के साथ बातचीत की. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि खेल जगत से जुड़े देश के सितारों से मैं मिलता रहूं, नई चीजें जानता रहूं, उनके प्रयासों को समझता रहूं और सरकार के नाते अगर व्यवस्था में कोई बदलाव लाना है, कुछ प्रयास बढ़ाने है, तो इस दिशा में कुछ काम करता रहूं. मुझे पक्का विश्वास है कि इस बार भी खेल के मैदान में आप भारत का नाम रोशन करके आएंगे.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो लोग बहाने बनाते हैं वे कभी प्रगति नहीं कर पाते. जो नहीं करते, उनका जीतना तय है! आप खेलने जा रहे हैं, आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने जा रहे हैं, लेकिन याद रखें कि ओलंपिक न केवल खेलने के लिए, बल्कि सीखने के लिए भी एक बड़ा मैदान है. पेरिस ओलंपिक के लिए जा रहे भारतीय दल के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप (ओलंपिक के लिए) जाने और जीतने के मूड में हैं और जब आप लौटेंगे तो मैं आपका स्वागत करने के मूड में हूं.

पीएम मोदी ने कहा कि मेरी कोशिश है कि मैं खेल जगत से जुड़े हमारे देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें सीखता रहूं, उनके प्रयासों को समझता रहूं और एक सरकार के तौर पर व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़े, कुछ प्रयास बढ़ाने की जरूरत हो, तो मैं करता हूं. मैं इस दिशा में काम करता रहूं और सभी से सीधा संवाद करने का प्रयास करूं...

पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग जानते हैं कि खेल जगत में अभ्यास और स्थिरता का जितना महत्व है, उतना ही महत्व नींद का भी है. मैं आपसे आग्रह से कहूंगा कि खेल जगत के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी है. इसलिए कितना ही उत्तेजना क्यों न हो, आप नींद से समझौता करें न करें और गहरी नींद लें. यहां 'कद' का खेल नहीं है, यहां कौशल का खेल है! ये देश के लिए कुछ कर गुजरने का एक अवसर होता है. आप अपनी तपस्या से इस स्थान पर पहुंचे हैं. अब आपके पास अवसर है देश को कुछ देने का. जो खेल के मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है, वो देश के लिए गौरव लेकर आता  है. मुझे पक्का विश्वास ही कि हमारे सभी साथी इस बार पुराने सभी रिकॉर्ड तोडक़र आएंगे. भारत की कोशिश है कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी हम अपने देश में करें. इस दिशा में हम लगातार प्रयास कर रहे हैं, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर बहुत काम चल रहा है.

# पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स के फाइनल में

**रियाद**

भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन को 5-0 से और सेमीफाइनल में सौरव कोठरी को 5-0 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूर्यनारायणन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में, पंकज ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनका प्रभुत्व स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने लगातार अपने प्रतिद्वंद्वी को सटीकता और चालाकी से हराया। शुरुआती फ्रेम ने माहौल तैयार कर दिया, जिसमें पंकज ने 100 का स्कोर बनाया, जबकि श्रीकृष्ण ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 78 का ब्रेक हासिल किया। हालांकि, पंकज की बेहतर ब्रेक-बिल्डिंग क्षमता ने उन्हें बढ़त दिलाई और पहले फ्रेम में जीत हासिल की। दूसरे फ्रेम में उनका कौशल और अधिक स्पष्ट हो गया, जहां उन्होंने श्रीकृष्ण के 26 की तुलना में 100 अंक और बनाए। तीसरे फ्रेम में पंकज ने 102 के ब्रेक के साथ अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा। श्रीकृष्ण केवल 32 का स्कोर बनाने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने अपने कुशल स्कोरिंग के साथ श्रीकृष्ण को दूर रखने के लिए अभूतपूर्व ब्रेक बनाए। पंकज ने 101 के एक और ब्रेक के साथ मैच समाप्त किया, जबकि श्रीकृष्ण ने 2 अंक बनाए। सौरव के खिलाफ सेमीफ़ाइनल मैच में, पंकज एक उल्लेखनीय मैच में लगातार पाँच फ्रेमों में अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे। तालिका में उनकी महारत स्पष्ट थी क्योंकि उन्होंने प्रत्येक फ्रेम में 100 का स्कोर बनाया था। मैच की शुरुआत में पंकज ने तेजी से नियंत्रण हासिल करते हुए 100 अंक बनाए, जबकि सौरव अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद 29 अंक बनाने में सफल रहे, लेकिन पंकज के तेज खेल की बराबरी करने में असमर्थ रहे।

दूसरे फ्रेम में पंकज ने अपनी गति जारी रखी और एक और 100 का स्कोर बनाया। सौरव ने अपने प्रदर्शन में थोड़ा सुधार किया और 33 का स्कोर बनाया।

## बॉक्स ऑफिस पर चंदू चैंपियन से ज्यादा कमाई कर रही मुंज्या, लाखों में सिमटा दोनों का कारोबार

शरवरी की फिल्म मुंज्या का बॉक्स ऑफिस पर तूफान थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।जहां दुनियाभर में इस फिल्म ने 118.51 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है, वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की कमाई 100 करोड़ रुपये की ओर है।उधर, कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हालांकि, कल्कि 2898 एडी के दस्तक देते ही दोनों फिल्मों का हाल-बेहाल है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 27वें दिन यानी चौथे बुधवार को 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 96.50 करोड़ रुपये हो गया है।मुंज्या का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, वहीं दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है।हॉरर के साथ कॉमेडी के तडक़े से भरपूर इस फिल्म में मोना सिंह और अभय सिंह भी हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 20वें दिन यानी तीसरे बुधवार चंदू चैंपियन ने 40 लाख रुपये का कारोबार किया।

# इक्वाडोर को पेनल्टी में शूट कर अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन (अमेरिका)**

अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेज़ुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा जो 9 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था। अर्जेंटीना के लिए पहला अच्छा मौका एंज़ो फर्नांडीज के माध्यम से आया: एक हेडर और एक पलटवार के बाद एक कॉर्नर मिला। मेसी के कार्नर से, मैक एलिस्टर के बाद लिसेंड्रो मार्टिनेज का दूसरा हेडर, अलेक्जेंडर डोमिंगुएज़ ने बचा लिया लेकिन गेंद पहले ही गोल रेखा पार कर चुकी थी।

पहले हाफ के अंतिम मिनटों में, निकोलस गोंजालेज के एक प्रयास ने एल्बीसेलेस्टे को दूसरे गोल का मौका दिया, लेकिन इक्वाडोर की रक्षा फिर से संगठित होने और खतरे को बेअसर करने में कामयाब रही। स्कालोनी की टीम मध्यांतर के बाद 1-0 की बढ़त के साथ उतरी।

दूसरे हाफ की शुरुआत धीमी गति से हुई लेकिन मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा। 55वें मिनट में डिबू मार्टिनेज की लंबी गेंद के बाद लुटारो मार्टिनेज ने मौका बनाया। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर ने इसे अपनी छाती से नियंत्रित किया, मुड़े और डोमिंगुएज़ के गोल के ठीक सामने बाएं पैर से शॉट लगाने से चूक गया।

इक्वाडोर ने अपने खेल से अर्जेंटीना को परेशान कर दिया और रोड्रिगो डी पॉल के हैंडबॉल के बाद पेनल्टी अर्जित की, लेकिन एनर वालेंसिया का शॉट पोस्ट से टकरा गया, जिससे अर्जेंटीना ने जश्न मनाया। फ़ेलिक्स सांचेज़ की टीम आगे बढ़ी लेकिन स्टॉपेज टाइम तक स्पष्ट मौके बनाने में विफल रही जब येबोआ के क्रॉस पर केविन रोड्रिग्ज के हेडर ने मैच 1-1 से बराबर कर दिया, अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका में इस तरह अपना पहला गोल खाया।

# दुनियाभर में आई कल्कि 2898 एडी की सुनामी, 700 करोड़ क्लब में की दमदार एंट्री



कल्कि 2898 एडी का क्रेज थमने का नाम नहीं ले रहा है. फिल्म हर रोज बॉक्स ऑफिस पर दमदार बिजनेस कर रही है. प्रभास स्टारर ये पैन इंडिया फिल्म ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनिया भर में छा गई है. 27 जून को रिलीज हुई फिल्म कल्कि 2898 एडी हर रोज करोड़ों नोट बटोर रही है. वहीं अब महज 6 दिन में फिल्म ने 700 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है.

कल्कि 2898 एडी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज ने फिल्म के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपए कमाने की जानकारी दी है. पोस्ट में दीपिका पादुकोण की फिल्म से फोटो शेयर करते हुए लिखा है- और सपना जारी है. कल्कि 2898 एडी का जादू देखिये, अब सिनेमाघरों में.

बता दें कि प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी ने 700 करोड़ क्लब में शामिल होकर सुपरस्टार की ब्लॉकबस्टर फिल्म सालार को मात दे दी है. सालार पिछले साल थिएटर्स में रिलीज हुई थी और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने 625.6 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था. इसी के साथ सालार प्रभास के करियर की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी. हालांकि अब कल्कि 2898 एडी ने ये रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

बाहुबली- द कन्क्लूजन अब भी प्रभास की दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है. फिल्म ने 1345.8 करोड़ रुपए कलेक्शन किया था. अब देखना ये है कि सालार के बाद कल्कि 2898 एडी बाहुबली- द कन्क्लूजन को पछाड़ पाती है या नहीं.

नाग अश्विन के डायरेक्शन में बनी फिल्म कल्कि 2898 एडी का बजट 600 करोड़ रुपए है और इसे भारत की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा था. अब फिल्म ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ अपना बजट निकाल लिया है. कल्कि 2898 एडी के स्टार कास्ट की बात करें तो प्रभास के अलावा इसमें दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी अहम भूमिकाओं में हैं. इसके अलावा दुलकर सलमान, विजय देवरेकोंडा समेत कई स्टार्स का कैमियो भी है.

## जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ की रिलीज टली, नई तारीख का हुआ ऐलान



मई की आखिर में जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन दर्शकों को एक्ट्रेस की एक्टिंग काफी पसंद आई थी। इसे देखने के बाद अब जाह्नवी के फैंस उनकी अगली फिल्म उलझ का इंतजार कर रहे हैं।

ऐसे में मेकर्स ने भी फैंस का यह इंतजार अब खत्म कर दिया है और एक मोशन पोस्टर शेयर करते हुए उलझ की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। चलिए जानते हैं यह मूवी कब दस्तक देने वाली है।

जाह्नवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसमें फिल्म का टाइटल और उससे जुड़ी जानकारी देखने को मिल रही है। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं।

इस मूवी में एक्ट्रेस इंडियन फारेस्ट ऑफिसर यानी आईएफएस का किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित होगी। इसमें उनके साथ गुलशन देवैया, राजेश तैलंग, रोशन मैथ्यू, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

फैंस भी अब इसकी रिलीज डेट जानकर खुश हो गए हैं और एक्ट्रेस की इस मूवी को देखने के लिए एक्साइटमेंट दिखा रहे हैं।

अगस्त की शुरुआत में एक तरफ जहां जाह्नवी कपूर की उलझ आने वाली है। वहीं 15 अगस्त को एक साथ 3 फिल्में रिलीज होंगी। जॉन अब्राहम की वेदा, अक्षय कुमार और तापसी पन्नू स्टारर खेल खेल में और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2। ऐसे में जाह्नवी की इस फिल्म को इन फिल्मों से कड़ी टक्कर मिलने वाली है।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन कार्यों में रुकवाटे आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर कोई कोर्ट संबंधी मामला रुका हुआ है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश हो सकते हैं।

***कर्क-*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। ऑफिस में सीनियर्स अधूरे कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए कहेंगे।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है।

***कन्या-*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

***तुला-*** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा ऑर्डर मिलेगा। कुछ विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं... ऐसा कोई मौका ही न दें।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे।

***मकर-*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष निर्णय लेने से पहले उससे सम्बंधित सभी पहलुओं पर उचित सोंच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज कोई नया एग्रीमेंट हो सकता है।

***कुंभ-*** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांती मिलेगी।

***मीन-*** आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

## प्रभु देवा और वेधिका स्टारर पेट्टा रैप का टीजर रिलीज

अभिनेता विजय सेतुपति ने आगामी फिल्म पेट्टा रैप का पहला आधिकारिक टीज़र जारी किया, तो उत्साह चरम पर पहुँच गया। इस फिल्म में प्रभु देवा और वेधिका मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय सेतुपति द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया यह टीज़र इस संगीतमय असाधारण फिल्म के लिए एक आशाजनक शुरुआत दर्शाता है।

अपने कैप्शन में, विजय सेतुपति ने पेट्टा रैप का टीज़र पेश करने पर अपनी खुशी व्यक्त की और पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएँ दीं।

पेट्टा रैप 1990 के दशक के प्रभु देवा के प्रतिष्ठित हिट नंबरों में से एक से प्रेरित है, जो एक जीवंत कथा के लिए मंच तैयार करता है। फिल्म में, प्रभु देवा एक महत्वाकांक्षी अभिनेता की भूमिका निभाते हैं, जबकि वेधिका एक संगीत बैंड का नेतृत्व करती है, जो एक आकर्षक कहानी का वादा करती है जो उनके जुनून और महत्वाकांक्षाओं को जोड़ती है।

इस फिल्म में विवेक प्रसन्ना, भगवती पेरुमल, रमेश थिलक, माइम गोबी, रियाज़ खान और कलाभवन शाजोन सहित प्रतिभाशाली कलाकारों की टुकड़ी है, जो कथा कैनवास में गहराई जोड़ती है।

डी इम्मान का संगीत स्कोर और जीतू दामोदर की सिनेमैटोग्राफी फिल्म के सौंदर्य आकर्षण को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो दर्शकों के लिए एक दृश्य और श्रवण का वादा करती है। पेट्टा रैप के इर्द-गिर्द उत्सुकता बढने के साथ, प्रशंसक प्रभु देवा, वेधिका और पर्दे के पीछे के प्रतिभाशाली क्रू के बीच इस रोमांचक सहयोग की आगे की अपडेट और झलकियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पेट्टा रैप संगीत, ड्रामा और मनोरंजन के अपने अनूठे मिश्रण के साथ अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है, इसलिए देखते रहिए।

## काली रात, उदास चेहरा, कुबेर से रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर आउट



कुबेर से नागार्जुन अक्किनेनी और धनुष के फर्स्ट लुक जारी करने के बाद मेकर्स अब रश्मिका मंदाना का लुक रिलीज करने के लिए तैयार हैं. इससे पहले मेकर्स ने फिल्म से रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी किया है. वहीं, 5 जुलाई 2024 को मेकर्स उनके किरदार से रूबरू कराएंगे. इससे पहले शेखर कम्मुला की निर्देशित फिल्म से नागार्जुन अक्किनेनी और तमिल स्टार धनुष के फर्स्ट लुक को रिलीज किए गए थे.

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर रिलीज किया है और कैप्शन में लिखा है, हमारी अगला प्रोजेक्ट में से एक. पोस्टर में रश्मिका को काली रात के अंधेरे में देखा जा सकता है. एक्टेस का चेहरे ऐसा लग रहा है, जैसे वह किसी बात से चिंतित हैं.

## त्वचा के स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकते हैं आम के फेस पैक

आम का महीना खत्म होने से पहले इसे खरीदें और इसका कुछ हिस्सा अपनी त्वचा की देखभाल के लिए इस्तेमाल करें।यह रसदार फल विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-ई, विटामिन-के, जैंथोफिल, पॉलीफेनोलिक्स, फ्लेवोनोइड्स और बीटा-कैरोटीन जैसे गुणों से भरपूर होता है, जो त्वचा को पोषित कर इसे कई समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

**आम, शहद और नींबू का फेस पैक-** आम के साथ शहद और नींबू का संयोजन त्वचा का अतिरिक्त तेल सोखकर कील-मुंहासों से छुटकारा दिला सकता है।लाभ के लिए सबसे पहले 2 बड़ी चम्मच आम का गूदा, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच नींबू का रस एक साथ मिलाएं।अब इस मिश्रण को साफ चेहरे पर लगाएं और 15 से 20 मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें, फिर चेहरे पर जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लगाएं।

**आम और एलोवेरा जेल का फेस पैक -** यह फेस पैक त्वचा की कोशिकाओं की मरम्मत करने और इसे हाइड्रेट रखने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए 2 बड़ी चम्मच आम का गूदा और 1 बड़ी चम्मच ताजा एलोवेरा जेल एक साथ मिलाएं, फिर इसे अपने चेहरे पर मेकअप ब्रश की मदद से लगाएं और जब आपको लगे फेसपैक अच्छे से सूख चुका है, तब अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।इसके बाद चेहरे को तौलिए से सुखाकर मॉइश्चराइजर लगा लें।

**आम और एवोकाडो का फेस पैक-** आम और एवोकाडो का मिश्रण समय से पहले उभरने वाले बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करने में सहायता प्रदान कर सकता है।लाभ के लिए सबसे पहले 3 चम्मच आम का गूदा, 1 बड़ी चम्मच एवोकाडो का गूदा और थोड़ा नारियल का तेल एक साथ मिलाएं।अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर कुछ मिनट मलें। 15-20 मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।यहां जानिए एवोकाडो से बनाए जाने वाले अन्य फेस पैक।

**आम, नारियल के तेल और दही का फेस पैक-** यह फेस पैक त्वचा की गंदगी को दूर करने और इसे निखारने में मदद कर सकता है।लाभ के लिए 1 बड़ी चम्मच आम का गूदा, 1 चम्मच नारियल का तेल और 1 चम्मच दही को एक साथ अच्छे से मिला लें।अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिर में चेहरे को पानी से धो लें।यहां जानिए चमकती-दमकती त्वचा पाने के लिए पपीते के छिलकों का इस्तेमाल।

## शब्द सामर्थ्य- 109

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 108 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.108 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |